[redacted]

**केन्द्रीय सूचना आयोग**
**बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका**
**नई दिल्ली – 110067.**

**संचिका सं. CICOM/R/P/24/00227** **दिनांक. 11.06.2024**

सेवा में,

श्री कौशल जवाहर सिंह चौहान

**विषय:- सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना।**

महोदय/महोदया,

उक्त विषयक आपका दिनांक 15.05.2024 का आर.टी.आई. आवेदन जो कि केन्द्रीय सूचना आयोग के आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में दिनांक 27.05.2024 को प्राप्त हुआ, का अवलोकन करें।

**बिंदु सं. 1 से 7:** आपके उक्त आर.टी.आई. आवेदन के संदर्भ में यह भी अवगत करवाया जाता है कि आपके द्वारा मांगी गई सूचना केन्द्रीय सूचना आयोग में उपलब्ध नहीं है एवं आपके आवेदन का विषय वस्तु राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कार्यालयों से संबंधित है, अत: कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी OFFICE MEMORANDUM No. 10/2/2008-IR दिनांक 12 जून, 2008 (जो कि पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है) के पैरा 3 (iv)के अनुसार सीधे संबधित राज्य सरकार के कार्यालयों में आवेदन प्रेषित कर सूचना प्राप्त करें।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार का विभाग केंद्रीय सूचना आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है| सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत केन्द्रीय सूचना आयोग केवल केन्द्रीय सरकार एवं केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमो के विरुद्ध द्वितीय अपीलीय अधिकरण है।

यदि आप उपरोक्त सूचना से संतुष्ट नहीं है तो इस सूचना की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर प्रथम अपील श्रीमती रूप अवतार कौर, प्रथम अपीलीय अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को की जा सकती है।

11/6/24

**(सुबोध कुमार)**
**केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,**
**आर.टी.आई.सेल**
**दूरभाष – 011-26172690**

C. I. C. /के० सू० आ०
RECEIVED
11 JUN 2024
D. No.
Initials.